आकाशवाणी चंडीगढ़

25 अगस्त 2024, समय 1810

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात"कार्यक्रम में कहा है अंतरिक्ष क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुए सुधारों से विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है।
- प्रधानमंत्री ने युवाओं के राजनीतिक व्यवस्था से जुड़ने पर जोर दिया।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से पेरिस पैरालंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने  लोहारू और असंध में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया।
- सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया।

................................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को काफी फायदा हुआ है।आज आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ऐसा बहुत कुछ हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। देश में 23 अगस्त को पहली बार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाये जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा

श्री मोदी ने स्पेस स्टार्टअप गैलेक्सी के सदस्यों के साथ बातचीत भी की ।इस स्टार्टअप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के पूर्व छात्रों ने शुरू किया था ।श्री मोदी ने कहा कि स्पेस इको सिस्टम जीवंत हो रहा है प्रधानमंत्री ने युवाओं के राजनीतिक व्यवस्था से जुड़ने पर ज़ोर दिया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था से जुड़ने के जज्बे को देखते हुए आशा व्यक्त की।

हर घर तिरंगा अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री ने कहा:-

श्री मोदी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मानव एवं पशुओं के बीच प्रेम के बंधन का उल्लेख भी किया।इस संबंध में उन्होंने असम और अरुणाचल प्रदेश की दो घटनायें लोगों के साथ साझा की।श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के झाजुआ के सफाई कर्मचारियों का जिक्र करते हुए प्लास्टिक के कचरे से पुन: उपयोग में  आने वाली वस्तुएं बनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को "कैच द रेन" और "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान से जुड़ने का आग्रह किया और देशवासियों से अधिक से

अधिक पेड़ व् पौधे लगाने का अनुरोध किया।श्री मोदी ने अपने संबोधन में विश्व संस्कृत दिवस और फिट इंडिया अभियान पर भी बात की। उन्होंने श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाये जाने को लेकर कहा कि इन सब प्रयासों का उद्धेश्य परिवार के हर सदस्य को फिट एवं स्वस्थ रखना है।प्रधानमंत्री ने पहली से 30 सितंबर तक मनाए जाने वाले पोषण माह का ज़िक्र भी किया और कहा कि बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति के साथ जोड़ा गया है। श्री मोदी ने कहा कि अगले कुछ दिनों में पैरालंपिक शुरू हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से #CheerForBharat के साथ पेरिस में पैरालंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का आहवान किया। प्रधानमंत्री ने लोगों को आगामी दिनों में आ रहे त्यौहारों की बधाई भी दी।

..................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज भिवानी ज़िले के लोहारू और करनाल के असंध में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया।वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल द्वारा लोहारू में आयोजित रैली में मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा मिशन मोड पर करवाए गए कार्यों को गिनवाया और कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल के दौरान हुए मिर्चपुर व गोहाना कांड का ज़िक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने समय में हर वर्ग के साथ अन्याय किया और पर्ची व खर्ची के बिना नौकरी लेना असंभव कर दिया।श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के "हरियाणा मांगे हिसाब" अभियान की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने हुड्डा सरकार के दौरान हुई अनियमितताओं का हिसाब मांगा।असंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जो घोषणाएं की हैं, उन्हें मंत्रिमंडल की बैठक में धरातल पर लाने का

मार्ग प्रशस्त किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर झूठ और अफवाहें फैलाने का आरोप भी लगाया।

---

सरकारी कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संयुक्त सलाहकार समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार के एकीकृत पेंशन योजना के फैसले की सराहना की।वहीं हरियाणा के जीन्द में भी कर्मचारियों ने सरकार के इस फ़ाइनल्स का स्वागत किया । मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा की वे लंबे समय से इसके लिए प्रयासरत्त थे।उल्लेखनीय है कि कल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी दी थी। कुल पेंशन सेवामुक्ति से पहले के 12 महीनों के औसत मूल वेतन का 50 फ़ीसदी होगी और इसके लिए 25 वर्ष की सेवा अनिवार्य होगी । सरकारी सेवा 25 साल से कम है लेकिन 10 साल से ज्यादा है, तो उसमें अनुपातिक पेंशन मिलेगी ।इसके अलावा, पारिवारिक पेंशन साठ प्रतिशत की गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। यह योजना अगले वर्ष पहली अप्रैल से लागू होगी।

---

आज हरियाणा में सभी जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन को बात कार्यक्रम सुना गया अंबाला छावनी में कार्यक्रम के बाद पूर्व गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों को विभिन्न विषयों पर

जागरूक किया है। वहीं अंबाला शहर में परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हर वर्ग के लोगों को प्रेरणा मिलती है।पलवल के हथीन में भारतीय जनता पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष रविंद्र सहरावत और पलवल में पार्टी के ज़िला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया ने कहा कि प्रधान मंत्री "मन की बात" के माध्यम से ऐसे मुद्दे उठाते हैं जिनसे देश में बदलाव लाया जा सकता है।पंचकूला के बरवाला मंडल के गांव बिल्ला में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ,पानीपत में पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ▯ांडा और जींद के उचाना में आगरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि "मन की बात" कार्यक्रम से लोगों में नई सोच और प्रेरणा का संचार होता है।

---

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी राजनीतिक दलों या चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिनों के अंदर इसकी हिन्दी व अंग्रेज़ी में तीन-तीन प्रतियां उनके कार्यालय में जमा करवानी होंगी।श्री अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि  वे चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के सभी पहलुओं का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुसार चुनाव घोषणा पत्र में अपेक्षा की जाती है कि घोषणा पत्र वादों के औचित्य को प्रतिबिंबित करे और इसके लिए वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के तरीकों और साधनों को रेखांकित करे। श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदाताओं का विश्वास केवल उन वादों पर होना चाहिए जिनका पूरा होना संभव हो।